Title: Need to ensure remunerative prices for cotton growers and early settlement of Crop Insurance claims of groundnut farmers in Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, इस बार कपास उत्पादक किसानों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुजरात में जो कपास उत्पादक किसान है उनको समर्थन मूल्य से कम मूल्य मिल रहा है, जो कि उनकी फसल की लागत मूल्य से बहुत ही कम है। महाराष्ट्र में कपास उत्पादक को अच्छा भाव मिल रहा है जबकि गुजरात के कपास उत्पादक किसानों से कपास कम भाव में खरीदा जा रहा है। किसानों पर बढ़ते कर्ज के कारण एवं कम मूल्य मिलने पर कई कपास उत्पादक किसानों ने आत्महत्या की है। साथ ही साथ मेरे संसदीय क्षेत्र में कम बरसात की वजह से मूंगफली की फसल पकी नहीं एवं फसल बीमा योजना के तहत भी किसी किसान को अभी तक राहत नहीं दी गयी है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गुजरात के कपास उत्पादक किसानों को कपास का मूल्य समर्थन मूल्य से कम न मिले, इसके लिए कदम उठायें जायें एवं मूंगफली के अंतर्गत फसल बीमा योजना के दावों का भुगतान शीघ्र किया जाये।